*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 295 | इंदौर, शुक्रवार 05 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



## Happy Buddha Purnima

May the year be full of love, light, peace, and harmony!

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.
www.detectivegroup.in

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in
www.detectivegroup.in
www.detectivegroupreport.com

# कान्ह नदी के पचास फीट नीचे से गुजरेगी मेट्रो, 100 फीट लंबी बनेगी टनल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 31 किलोमीटर लंबे मेट्रो कॉरिडोर रुट में 100 फीट का रुट कान्ह नदी के नीचे से गुजरेगा। पूरे रुट में यही एक हिस्सा होगा, जहां मेट्रो ट्रेन नदी के 50 फीट नीचे से गुजरेगी। पलासिया से एयरपोर्ट तक के रुट को मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने तय किया है। नदी के नीचे मेट्रो रुट रामबाग ब्रिज से फुट ओवर ब्रिज के बीच से होकर राजवाड़ा क्षेत्र की तरफ जाएगी।**



अगले साल से राजवाड़ा से एयरपोर्ट वाले हिस्से में मेट्रो कंपनी काम शुरू कर सकती है। फिलहाल छह किलोमीटर लंबे प्रॉयरिटी कॉरिडोर पर अफसरों का फोकस है। इस साल सितंबर माह तक ट्रायल रन होना है। इसके लिए कोच भी जल्दी इंदौर लाए जाएंगे। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि पलासिया से राजवाड़ा तक के हिस्से के रुट को लेकर जनप्रतिनिधियों के बीच भी सहमति बनी है। अगले साल तक उस हिस्से में काम शुरू हो सकता है।

## एयरपोर्ट पर भी अंडरग्राउंड टनल रहेगी

कान्ह नदी के अलावा एयरपोर्ट के समीप भी मेट्रो रुट के लिए अंडरग्राउंड टनल बनेगी। इससे एयरपोर्ट के यात्रियों को मेट्रो ट्रेन में सफर के लिए एयरपोर्ट परिसर से बाहर आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। एयरपोर्ट परिसर से २०० मीटर दूर मेट्रो स्टेशन बनेगा और अंडरग्राउंड टनल से यात्री स्टेशन तक जा सकेंगे।मेट्रो का स्टेशन बिजासन मंदिर के पास जाने वाली सड़क के करीब बनेगा और वहां से ही एयरपोर्ट परिसर में जाने लिए अंडरग्राउंड टनल बनेगी। एयरपोर्ट के आगमन और निगर्म गेट के सामने वाले हिस्से में एस्केलेटर लगाए जाएंगे, जो मेट्रो स्टेशन तक जाने वाली टनल तक यात्रियों को पहुंचाएंगे।

## पटरियों को बिछाने का काम भी शुरू

मेट्रो रुट के लिए पटरियां बिछाने का काम भी शुरू हो गया है। फिलहाल गांधी नगर में बन रहे डिपों में पटरियां बिछाई जा चुकी है। सबसे पहले मेट्रो के बोगियां यहीं लाकर रखी जाएगी। इंदौर में लाइट मेट्रो ट्रेन चलेगी। इसका निर्माण गुजरात में हो रहा है। मेट्रो में तीन सौ यात्री सफर कर सकेंगे।

### मेट्रो प्रोजेक्ट : एक नजर

1. पहले चरण में 31 किलोमीटर तक के रुट का होगा निर्माण
2. 29 स्टेशन बनाए जाएंगे। एक स्टेशन के निर्माण पर 58 करोड़ खर्च होंगे।
3. 29 में अंडरग्राउंड स्टेशन भी शामिल है। उनके निर्माण में लागत डेढ़ सौ करोड़ से ज्यादा की होगी।
4. गांधी नगर में डिपो तैयार हो रहा है। यहां पटरियां बिछाई जाएगी।
5. मेट्रो रुट पर डेढ़ मीटर लंबाई की लाइट मेट्रो चलेगी। जिसमें 300 यात्री सवार हो सकेंगे।

# वरिष्ठ भाजपा नेता सत्तन बोले- आंध्र और कर्नाटक में भाजपा घुस गई फाटक में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भाजपा के दिग्गज नेता और वरिष्ठ कवि सत्यनारायण सत्तन का गुस्सा फिर फूट पड़ा है। उन्होंने कांग्रेस के साथ भाजपा की भी खिंचाई कर दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा है कि 'आंध्र और कर्नाटक में BJP घुस गई फाटक में, अब फाटक में घुसी हुई भाजपा का क्या दृश्य होगा यह देखना है।'

दीपक जोशी और भंवरसिंह शेखावत के बाद अब सत्तन के बगावती और चुनौतीभरे बयान ने पार्टी को चिंता में डाल रखा है। मुख्यमंत्री शिवराज शिव चौहान डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने सत्तन को भोपाल बुलवाया है। शुक्रवार को उनकी मुलाकात हो सकती है। सत्तन बुधवार रात को विधायक ट्रॉफी क्रिकेट कॉम्पिटिशन में पहुंचे थे। वहां उन्होंने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि पुरानों का विश्राम लेना संसार का नियम है। जो फलेगा वह झड़ेगा और जो जलेगा वो बुझेगा। जो वरिष्ठ है, वो वरिष्ठ है। अगर नौजवान पीढ़ी अपने समर्थ हाथों में कमान संभालती है और सम्मान से आगे ले जाती है तो वंदनीय है। यदि ऐसा नहीं कर पाती तो निंदनीय। सत्तन ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान ने मुझे बुलाया है। वे पार्टी के मुखिया हैं, वे आदरणीय हैं। हम उनके आदरणीय हैं। ऐसा खुद उन्होंने कहा है कि आप हमारे आदरणीय हैं। उन्होंने बुलाया है लेकिन आज अन्य जगह जाने से शुक्रवार को भोपाल जाऊंगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आत्म विश्लेषण करना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री को अपने कार्यकर्ताओं के साथ व्यवहार करने का अधिकार है और उन्हें उनकी स्थिति, कुशलक्षेम पूछने का भी अधिकार है। उनके प्रश्न का उत्तर देने भोपाल जाऊंगा।

# जय नर्सिंग के जय घोष के साथ निकली शोभायात्रा

इंदौर। जांगड़ा पोरवाल समाज का दो दिवसीय पारंपरिक नृसिंह जयंती महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ। यात्रा में श्रीमती मालिनीजी गौड़, पुष्पमित्रजी भार्गव, अभिषेक (बबलू) शर्मा, हरीश विजयवर्गीय, दीपकजी (टीनू) जैन सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक इस यात्रा में उपस्थित रहे। यात्रा पश्चात महाआरती कर सभी ने महाप्रसादी ग्रहण की।



# मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के तहत नागरिकों को मिलेगा 67 सेवाओं का लाभ

## ● मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण की

## ● तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान के आव्हान पर हितग्राही मूलक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण आगामी 10 से 25 मई,2023 तक आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा अभियान की तैयारियों की विभागवार समीक्षा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश प्रदान किये गये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अभय बेडेकर, श्रीमती सपना लोवंशी तथा श्री आर.एस. मण्डलोई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।**

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण में नागरिकों को विभिन्न सेवाओं का लाभ सुविधाजनक प्राप्त हो। नामांतरण बंटवारा, अविवादित नामांतरण, सीमांकन सहित विभिन्न 67 सेवाओं का लाभ इस अभियान में प्रदान किया जाए। अभियान को सफल बनाने के लिये अधिक से अधिक शिविर लगाकर सरकार की जनहितैषी योजनाओं का प्रचार प्रसार करें और प्राप्त आवेदनों व विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जाय। बैठक में कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक कार्यालय, जिसमें शिविर लगेगा, में आने वाले आवेदकों के बैठने एवं पेयजल इत्यादि की उपयुक्त व्यवस्था करें।

# जन-सहयोग से जल-प्रबंधन और भू-जल संवर्धन : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में भोपाल में आयोजित बैठक में 6 जिलों के 9 विकास खंड में भू-जल स्तर को बढ़ाने और पानी की मितव्ययता और बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य-योजना पर चर्चा की गई। अटल भू-जल परियोजना में प्रदेश के कम जल उपलब्धता वाले 6 जिलों में अटल भू-जल योजना में रणनीति बना कर काम होगा।**

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि निरंतर गिरते हुए भू-जल को बढ़ाने और संभालने के लिए भी काम किया जाए। इसके लिए इंदौर में सबसे बेहतर काम हो रहा है। इंदौर नगर निगम क्षेत्र में सभी भवन में वर्षा जल से रिचार्ज सिस्टम लगाना अनिवार्य किया गया है। वहाँ रिचार्ज सिस्टम लगा कर काम किया जा रहा है। ऐसी ही योजना सभी जिलों में लागू की जा सकती है। भवन निर्माण की अनुमति के समय ही इसको अनिवार्य किया जाए।

## ● अटल भू-जल योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बैठक हुई

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजना में नहरों के स्थान पर पाइप से खेतों में पानी पहुँचाया जा रहा है और स्प्रिंकलर सिस्टम से सिंचाई की सुविधा बढ़ाई जा रही है। इससे 40 प्रतिशत तक पानी की बचत हो रही है और अगली फसल के पानी उपलब्ध हो रहा है। अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन. मिश्रा ने बताया कि जल संसाधन विभाग इसकी नोडल एजेंसी है। सभी विभागों के साथ मिल कर काम शुरू किया जा रहा है। नर्मदापुरम क्षेत्र में तवा डेम से 80 हजार हेक्टेयर में लगी मूंग की फसल की सिंचाई के लिए इस बार 600 एमसीएम पानी का उपयोग हुआ और 800 एमसीएम पानी की बचत हुई है। अटल भू-जल योजना में मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के 6 जिलों के 9 विकासखंड में 314 करोड़ 54 लाख रूपये लागत से कार्य किया जाना है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सहभागी विभागों की प्रोत्साहन राशि का बेहतर उपयोग करने के लिए कार्य-योजना बनाई जाए। अपर मुख्य सचिव श्री मिश्र ने कहा कि बेहतर कार्य-योजना बना कर सभी सहभागी विभाग आवंटित प्रोत्साहन राशि का संबंधित कार्यों में शीघ्र उपयोग करें,जिससे कि उन्हें और राशि का आवंटन किया जा सके।

## Headline


1. Australia: सिडनी के स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़; खालिस्तान समर्थकों ने दीवार तोड़ी, गेट पर लगाया झंडा
2. Nikay Chunav 2023 : माफिया अतीक अहमद के गढ़ में सपा को नुकसान, कांग्रेस की ओर दिखा वोटरों का रुझान
3. MC Shimla Election Result: नगर निगम चुनाव में हार से भाजपा को फिर झटका, सियासी रणनीति में चूक
4. गजब की गड़बड़ी: मतदाता सूची में जिंदा हैं अटल बिहारी वाजपेयी की बहन-बहनोई, 2015 में हो चुकी है दोनों की मृत्यु
5. SCO Foreign Ministers Meet : 'आतंकवाद को रोकना होगा, टेरर फंडिंग पर लगे रोक', बिलावल के सामने बोले जयशंकर
6. Wrestlers Protest : बजरंग पूनिया ने ट्वीट कर लोगों से समर्थन मांगा, अपने सभी मेडल लौटा सकते हैं पहलवान
7. अब्बास-निखत 'जेलकांड': पूर्व जेल अधीक्षक और जेलर के खिलाफ चार्जशीट दायर, 850 पन्नों में लिखी हैं ये बातें



दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 295 | इंदौर, शुक्रवार 05 मई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### कमलनाथ का बिग प्लान

# 9 मई से शुरू करेंगे नारी सम्मान योजना

**महिलाओं को लुभाने के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लेकर आए डबल ऑफर वाली योजना, घर घर जाकर भरेंगे फॉर्म**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** कांग्रेस मध्यप्रदेश में महिलाओं को ध्यान में रखकर एक बड़ी योजना लॉन्च करने जा रही है। इस योजना की शुरुआत 9 मई को होगी। नारी सम्मान योजना के नाम से इस योजना में घर-घर जाकर फॉर्म भरे जाएंगे। मिशन 2023 के लिए कांग्रेस किसी सूरत कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती और उसी कड़ी में ये नई योजना लाई जा रही है।

चुनाव का मौसम है और इसलिए मध्यप्रदेश की माता बहनें सबकी लाड़ली हो गई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जहां लाडली बहना योजना लॉन्च की और 1000 रु प्रतिमाह हर महिला को देने का वादा किया जो पात्रता श्रेणी में आती हैं, तो अब इसका पलटवार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ करने जा रहे हैं। 9 मई से मध्यप्रदेश में कांग्रेस घर-घर जाकर एक फॉर्म भरवाएगी। नारी सम्मान योजना के नाम से इस फॉर्म में महिलाओं को कुछ जानकारियां देनी होंगी और दावा किया जा रहा है कि कांग्रेस सरकार बनने पर हर पात्र महिला को 1500 रुपये प्रतिमाह के साथ 500 रु में गैस सिलेंडर भी दिया जाएगा। योजना का फॉर्म एमपी ब्रेकिंग के पास मौजूद है और इसके अंदर सभी आवश्यक जानकारियां भरवाई जाएंगी। साथ ही साथ एक पावती रसीद भी संबंधित महिला को दी जाएगी।

जहां शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना में पात्र महिलाओं की आयु सीमा 23 से 60 वर्ष है वही कमलनाथ का दावा है कि कांग्रेस सरकार बनने पर 18 साल से लेकर 60 साल तक की हर महिला इसकी पात्र होगी। शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना को अच्छा खासा प्रतिसाद मिला था और अब तक करीब सवा करोड़ महिलाएं इस योजना के अंतर्गत रजिस्टर्ड हो चुकी हैं। दावे आपत्ति की प्रक्रिया जारी है और शिवराज सरकार का दावा है कि 10 जून को पहली किस्त महिलाओं के खाते में पहुंच जाएगी। ऐसे में कमलनाथ द्वारा शुरू की जा रही नारी सम्मान योजना का कांग्रेस को कितना लाभ होगा, यह तो आने वाले समय में ही मालूम पड़ेगा। लेकिन शिवराज सरकार के 1000 रुपये प्रतिमाह के बरक्स कमलनाथ का यह 2000 रुपये प्रतिमाह का डबल डोज कांग्रेसियों के लिए एक उत्साह का वातावरण निर्मित करने में तो सफल रहेगा, इतना तय है।



# दिनदहाड़े बदमाश को गोली मारी

**● बाइक पर आए युवक ने फायर किया, अस्पताल में इलाज के दौरान मौत**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में एक बदमाश की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। बदमाश कई मामलों में आरोपी रहा है। वह गुरुवार को फ्रीगंज इलाके में मुंगी चौराहे पर खड़े होकर अपने साथी से बात कर रहा था। इसी दौरान दो लोग बाइक पर आए। बाइक पर पीछे बैठा युवक उतरा और बदमाश पर पिस्टल से फायर कर दिया। वह संभल पाता इतने में युवक ने एक और फायर किया और बाइक पर बैठकर फरार हो गया। बदमाश ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसे सीने में एक गोली लगी थी।**

एडिशनल एसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि दो युवकों ने राजू द्रोणावत को गोली मार दी थी। हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। अब तक विवाद के कारण सामने नहीं आए हैं।

### बाइक पर आए और मार दी गोली

बाइक पर सवार होकर आए दो लोगों में से एक राजू पर फायर करता है, लेकिन राजू वहां से भागने की कोशिश करता इससे पहले आरोपी गोली मार देता है। गोली लगते ही घायल अवस्था में वो खड़े होने की कोशिश करता है लेकिन राजू वहीं गिर जाता है। अचानक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच जाती है। राजू के घायल होने के बाद कुछ लोगों ने उसका वीडियो बना लिया।

# रेलवे का फर्जी ज्वाइनिंग लेटर देकर ठगी

**अधिकारी बनकर 15 लोगों से 35 लाख रुपए ठग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच ने रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 15 बेरोजगारों से 35 लाख रुपए की ठगी करने वाले गैंग के सरगना समेत दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। सरगना खुद को रेलवे रिक्रूटमेन्ट बोर्ड का अधिकारी बताकर ठगी करता था। उसने डीआरएम भोपाल की फर्जी सील




के साथ उनके साइन कर बेरोजगारों को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर दे दिया था। इतना ही नहीं पीड़ितों का भरोसा जीतने के लिए रेलवे स्टेशन भोपाल का ट्रेनिंग के नाम पर बिजिट भी करा चुका है। घटना के बाद से आरोपी भोपाल छोड़कर कोटा, राजस्थान में एफएनबी बेकरी में जॉब करने लगा था। मामले में सरगना के सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि श्रीनाथ पुरम कॉलोनी कोटा, राजस्थान निवासी नीरज नेल्सन बेथे पिता नेमुअल जोसफ बेथे (33) को गिरफ्तार किया गया है। वह फाइनेंस का काम करता है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक लैपटाप, रेलवे अधिकारी की 2 सीलें बरामद की है। उसके साथ ही सरगना के सहयोगी संदीप दास को भी पुलिस ने पकड़ा है।

### इंदौर के रहने वाले बेरोजगार से 8.35 लाख रुपए ठगे

जानकारी के मुताबिक इंदौर निवासी प्रीतपाल सिंह बाधवा ने क्राइम ब्रांच को लिखित शिकायत आवेदन दिया था। उन्होंने पुलिस को बताया कि वर्ष 2020 में एक परिचित संदीप दास ने मेरे पुत्र प्रतीक को नीरज नेल्सन ब्रेथे से मिलवाया। नीरज ने खुद को रेल्वे रिक्रूटमेन्ट बोर्ड अधिकारी बताया। वह मेरे पुत्र को रेलवे विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर मुझसे 8 लाख 35 हजार रुपए ले लिए। इसके बाद मेरे बेटे के नाम से एक फर्जी अपॉईमेन्ट लेटर जिस पर फर्जी हस्ताक्षर कर सील भी लगी हुई थी उसे दे दिया। सैलरी के लिए बैंक अकाउंट भी खुलवाया। इसमें 4 माह तक बेटे के अकाउंट में वेतन डाला गया। वर्ष 2021 में पता चला कि बेटे की नियुक्ति फर्जी है।

# कांग्रेस दफ्तर में घुसे बजरंग दल कार्यकर्ता

**जमकर की तोड़फोड़: कमलनाथ ने की कार्रवाई की मांग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** कर्नाटक में कांग्रेस के घोषणा पत्र में बजरंग दल को बैन करने की बात पर बजरंग दल के कार्यकर्ता भड़क गए। मध्यप्रदेश के जबलपुर में गुरुवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओ ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर धावा बोल दिया। जबरन दफ्तर में घुसे प्रदर्शनकारियों ने जमकर तोड़फोड़ की। कार्यालय के बाहर लगा कांग्रेस की सीनियर लीडर सोनिया गांधी का पोस्टर भी फाड़ दिया। घटना के बाद कांग्रेस दफ्तर के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है।



कांग्रेस ने इस घटनाक्रम की निंदा की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने तोड़फोड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पूर्व मंत्री तरुण भनोट ने लार्डगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि लार्डगंज और कोतवाली थाना प्रभारी को सस्पेंड नहीं किया, तो जबलपुर बंद किया जाएगा। गुरुवार दोपहर बजरंग दल के करीब सौ से ज्यादा कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कमेटी दफ्तर के बाहर इकट्ठे हुए। यहां कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। फिर कार्यालय के बाहर ताला तोड़कर अंदर घुस गए। सभी के हाथ में लाठी और डंडे थे। उन्होंने कार्यालय के गेट पर लातें भी मारी। फिर अंदर घुसकर हंगामा किया। इस बीच, कुछ प्रदर्शनकारियों ने सीढ़ियों पर चढ़कर टीनशेड को उखाड़ना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वहां से खदेड़ा।

बजरंग दल के पदाधिकारी सुमित ठाकुर ने उल्टा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर ही आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ और हंगामा कांग्रेस के ही कार्यकर्ताओं ने किया है। बजरंग दल कार्यकर्ता जब वहां प्रदर्शन करने पहुंचे, तभी भगवा वेशभूषा में कांग्रेस कार्यकर्ता वहां पहुंच गए। साथ ही, दफ्तर में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि बजरंग दल कभी भी इस तरीके की हरकतें नहीं करता।

# बुरहानपुर की कार्रवाई पर खरगोन में उठे सवाल

**● जाग्रत आदिवासी दलित संगठन बोला- जंगल बचाना अपराध तो हमें भी जेल भेजो**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन। जंगल में कटाई और वन तस्करी के मामले में बुरहानपुर के आदिवासी कार्यकर्ताओ और जाग्रत आदिवासी दलित संगठन नेत्री माधुरी बेन के खिलाफ दर्ज किए गए आपराधिक प्रकरण के मामले ने गुरुवार को तुल पकड़ा। गिरफ्तारी और कार्रवाई पर संगठन कार्यकर्तार्ओं ने मुख्यालय पर आपत्ति दर्ज कराते हुए विरोध-प्रदर्शन किया। संगठन कार्यकर्तार्ओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।**

संगठन के सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आदिवासी समाज और संगठन प्रकृति पूजक है, वनों का रक्षक है। वनों को बचाने वालों के खिलाफ ही आपराधिक मामले दर्ज कर शासन-प्रशासन लकड़ी तस्करों को बढ़ावा दे रही है। 30 अप्रैल को आदिवासी कार्यकर्ता अंतराम अवासे को गिरफ्तार कर लिया है। माधुरी बेन पर 24 प्रकरण दर्ज करने के साथ ही 3 मई को 50 अन्य कार्यकतार्ओं पर मुकदमे दर्ज कर लिए, जो झूठे है।

# ट्रक की टक्कर, बाद में आपस में भिड़ी 2 बाइकें

**2 युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के सुरवाया थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन हाईवे पर ट्रक की टक्कर के बाद दो बाइकें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है वही तीन घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक घायल की गंभीर हालात बनी हुई है। जानकारी के अनुसार यह हादसा सुरावाया थाना क्षेत्र के पप्पू के ढाबे के पास गोपालपुर गांव के सामने फोरलेन हाईवे पर हुआ है, जहां राजेश जाटव निवासी करई, अमन आदिवासी निवासी गोपालपुर, गोविंद आदिवासी निवासी गोपालपुर, राजेश आदिवासी निवासी गोपालपुर एक बाइक पर सवार होकर फोरलेन हाईवे की रॉंग साइड में चल रहे थे। इसी दौरान बाइक झांसी की ओर जा रहे एक अज्ञात ट्रक से टकरा गई। ट्रक की टक्कर से असंतुलित हुई बाइक गोपाल जाटव निवासी बढा भाबड़ी की बाइक में टकरा गई। इस हादसे में एक ही बाइक पर सवार चारों लोगों में से गोविंद आदिवासी और राजेश आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई।

# बीच सड़क पर युवती की गला रेतकर हत्या

**आरोपी बोला- वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करती थी**

**मुलताई।** बैतूल जिले के मुलताई में एक युवक ने बीच सड़क पर 26 वर्षीय युवती का गला रेत दिया। युवती स्कूटी से जा रही थी, तभी आरोपी ने हमला कर दिया। वारदात बुधवार रात करीब 9.30 बजे गांधी चौक से मटन मार्केट वाली रोड पर हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि वो युवती उसे ब्लैकमेल करती थी।

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिद्धार्थ चौधरी भारी पुलिसबल के साथ मौके पर



पहुंचे। यहां सिमरन पिता अफजल का शव पड़ा था। शव को अस्पताल ले जाया गया। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल के पास एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। सीसीटीवी के सामने एक बड़ी गाड़ी खड़ी थी, ऐसे में वारदात रिकॉर्ड नहीं हो पाई। घटनास्थल पर मौजूद लोग दबी जुबान में आरोपी सानीफ मलिक का नाम ले रहे थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### लड़की ने बनाए थे युवक के वीडियो

एसपी सिद्धार्थ चौधरी का कहना है कि आरोपी सानीफ ने पूछताछ में बताया, सिमरन ने उसके कुछ वीडियो और ऑडियो बना लिए थे। वह उसे ब्लैकमेल कर रही थी। पिछले दिनों सानीफ का रिश्ता महाराष्ट्र में तय हुआ था। सगाई भी हो गई थी। दो महीने बाद निकाह होना था। युवती उसका निकाह रोकने का भी प्रयास कर रही थी। वो ब्लैकमेलिंग से परेशान हो गया था। सानीफ अंडे बेचने का व्यापार करता है। जब एसपी से पूछा गया कि दोनों के बीच अफेयर था तो उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## संपादकीय

# फल-फूल रहा नशे का कारोबार

पिछले कुछ सालों में कई ऐसे मामले उजागर हो चुके हैं, जिनमें भारी मात्रा में मादक पदार्थों की खेप किसी बंदरगाह या दूसरे ठिकानों पर पकड़ी गई। उनके आधार पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि मादक पदार्थों का कितना बड़ा कारोबार देश में फल-फूल रहा है। मगर जब भी ऐसे पदार्थों की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने की बात होती है, तो छिटपुट जलसों वगैरह में कुछ लोगों को इनका सेवन करते पकड़ कर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली जाती है। मानसिक सेहत से जुड़े मुद्दों, कामकाज का दबाव, बढ़ता खालीपन और बदलती सामाजिक आर्थिक स्थितियों का इस वर्ग पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। इसके चलते वे नशे की गिरफ्त में आसानी से आ जाते हैं। अध्ययन के मुताबिक नशे की बढ़ती लत का दायरा ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बढ़ेगा। भारत चूंकि सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, इसलिए यह अध्ययन अधिक चिंता पैदा करने वाला है। इस पर काबू पाने के लिए अध्ययनकर्ताओं ने कुछ उपाय सुझाए हैं, जिनमें अभिभावकों, सामाजिक संस्थाओं की जिम्मेदारी रेखांकित की गई है। मगर जिस तरह नशीले पदार्थों का कारोबार तेजी से फैल रहा है, उसमें ये संस्थाएं प्राय: अशक्त ही नजर आती हैं। यह सच्चाई है कि किशोरावस्था में बहुत सारे लोग फिल्मी नायकों, अपने वरिष्ठों, परिवार के लोगों आदि को देख कर नशीले पदार्थों के प्रति आकर्षित होते हैं। फिर ऊब, खीझ, खालीपन, पढ़ाई-लिखाई, कामकाज के दबाव में इन पदार्थों का सेवन बढ़ाते जाते हैं। फिर वे इनके लती हो जाते हैं। अब तो महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक में अवैध मादक पदार्थों की उपलब्धता लगातार बढ़ती गई है। यह छिपी बात नहीं है और नशीले पदार्थों की इतनी किस्में बाजार में सहज उपलब्ध हैं कि बहुत सारे किशोरों, युवाओं के लिए अब ये सामान्य उपभोग की वस्तु जान पड़ते हैं। अभिभावकों, अध्यापकों, रिश्तेदारों, परिचितों से छिप-छिपा कर ही ऐसे नशे का सेवन किया जाता है, इसलिए उनके लिए निगरानी रख पाना कठिन होता है। बहुत सारे अभिभावकों को तो तब इसकी भनक मिलती है, जब उनके बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी कोई गंभीर समस्या पैदा हो जाती है। तब तक उनकी लत पर अंकुश लगाने में काफी देर हो चुकी होती है, बहुत सारे किशोरों पर परामर्श वगैरह का भी असर नहीं हो पाता। वे आक्रामक हो जाते और हर वक्त गुस्से से भरे रहने लगते हैं।

## महिला जगत



# शहीद की पत्नी बनीं सेना में लेफ्टिनेंट, जानें ज्योति नैनवाल की कहानी

भारत की सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात जवान अपनी जान की भी परवाह नहीं करते हैं। कई बार आतंकवादी हमले या सीमा पर पड़ोसी सेना से मुठभेड़ में कई भारतीय जवान शहीद हो जाते हैं। उनकी शहादत देश के लिए बलिदान होती है। शहीद सैनिकों के परिवार के लिए उन्हें खोना आसान नहीं होता। परिवार के लाल की शहादत को वह गर्व के साथ अपनाते हैं। कई औरतों ने अपने पति को खोया होता है। शहीद की पत्नी का जीवन आसान नहीं होता। उसे खुद को और अपने बच्चों व परिवार को संभालना होता है। पति की शहादत को पीड़ा से ज्यादा गर्व के साथ अपनाना होता है। लेकिन ऐसी भी कई महिलाएं हैं, जिन्होंने शहादत के बाद पति के सपने को पूरा करने की ठानी। देश की सुरक्षा करने का जो सपना शहीद जवान ने देखा था, उसे आज उनकी पत्नी पूरा कर रही हैं। शहीद पति के सपने को पूरा करने के लिए भारतीय सेना में शामिल होने वाली ऐसी ही एक बहादुर महिला की कहानी बताई जा रही है, जो गर्व से आपका सीना चौड़ा कर देगी।



### ● शहीद की पत्नी हैं लेफ्टिनेंट ज्योति नैनवाल

ज्योति नैनवाल उत्तराखंड के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पति का नाम दीपक कुमार है जो कि सेना में थे। 10 अप्रैल 2018 में नाइक दीपक नैनवाल को कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान तीन गोलियां लगी थीं। इलाज के दौरान 20 मई को दीपक शहीद हो गए।

### ● ज्योति पर है दो बच्चों की जिम्मेदारी

दीपक की शहादत के बाद पत्नी ज्योति पर उनके दो बच्चों की जिम्मेदारी आ गई। दीपक और ज्योति का एक 5 साल का बेटा और 8 साल की बेटी है। ज्योति के लिए पति का जाना किसी सदमे से कम नहीं था, लेकिन वह टूट नहीं सकती थीं। उन्होंने पति की बहादुरी को अपने जीवन में शामिल करने की ठानी और भारतीय सेना में शामिल होने का फैसला किया।

### ● ज्योति नैनवाल बनीं लेफ्टिनेंट

ज्योति नैनवाल ने चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में ट्रेनिंग ली। कड़ी मेहनत के कारण सेना में उनका चयन हो गया। ज्योति एससीसी (डब्ल्यू) 26 की 29 महिली कैडेट और SSC-112 पाठ्यक्रम के कुल 124 कैडेट में से एक थीं। ज्योति नैनवाल 20 नवंबर 2021 को अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी से पास हुईं और लेफ्टिनेंट के तौर पर उनका चयन हुआ।

## Highlights

1. I see a lot of Indians entering the middle class: Apple CEO
2. Who are the 2 IIT engineers Google and Apple CEOs competed to hire?
3. Brain surgery performed on baby still in womb in US; pics released
4. Situation under control in Manipur, more forces deployed: Army
5. Rainfall and thunderstorm warning issued in several states/UTs; list released
6. Ukraine shoots down own drone over central Kyiv

# India services PMI for April climbs to 13-year high of 62

NEW DEIHI, (Agency). India's services sector activity, as measured by the Purchasing Managers' Index (PMI), reached a 13-year high of 62 in April, according to data released by the S&P Global on Wednesday, despite rising cost pressures for the beginning month of fiscal 2023-24.

The seasonally adjusted Services PMI was up from 57.8 in March, supported by healthy inflows of new businesses and favourable market conditions. The latest April value signalled the fastest pace of expansion in output since June 2010. A PMI reading above 50 indicates an expansion in services activity.

"India's service sector posted a remarkable performance in April, with demand strength backing the strongest increases in new business and output in just under 13 years. Finance & Insurance was the brightest spot, topping the sectoral growth rankings for both measures," said Pollyanna De lima, Economics Associate Director at S&P Global Market Intelligence in a



statement.

To be sure, rising cost pressures in April – input costs rose at the quickest pace in three months and outpaced the long-run series trend – did not deter sales growth and services demand stayed resilient. Because of this, producers were able to pass higher costs into selling prices in April, which was also the strongest since January.

Along with robust domestic demand, the international demand rose for the third consecutive month in April and at the fastest pace since February.

However, the substantial pick-up in sales growth did not translate to an increase in employment in April as most firms reported having sufficient workers to meet current requirements.

Experts believe the services sector is expected to carry the momentum forward. "We expect domestic demand for contact-based services and steady momentum in services exports to continue to lead GDP growth. Hard data for manufacturing/industrial activity, however, is showing some signs of a slowdown (for instance, growth core infrastructure index slowed in March in y/y terms). Services-led growth, coupled with slowing commodity prices and consequently improving external metrics, supports our view of a stable macro outlook for India in the year ahead," Rahul Bajoria, managing director and head of EM Asia (ex-China) said in a note.

# Adani Enterprise Q4 net profit more than dou-bles, signaling recovery from Hindenburg row

NEW DEIHI, (Agency). Adani Enterprises Ltd.'s latest quarterly profit more than doubled as billionaire Gautam Adani's flagship firm seems to recovered from a scathing short seller attack earlier this year that wiped out more than $100 billion off the conglomerate's market value.

The Ahmedabad, Gujarat-based company




posted a net income of 7.22 billion rupees ($88.2 million) for the quarter ended March 31, compared to 3.04 billion rupees in the same period last year, it said in an exchange filing Thursday. There weren't enough brokerages tracking the firm to derive an average profit forecast.

Revenue rose 26% to 313.5 billion rupees while total costs climbed 22% to 301.8 billion rupees, the filing said. Its shares climbed 5.1% after the earnings were announced which showed gross debt paring to 383.2 billion rupees from 410 billion rupees last year.

The impressive earnings can bolster Adani Enterprises' growth and fundraising plans as it oversees a motley mix of businesses from airports, data centers to roads and digital services. This also shows that the incubator of the ports-to-power conglomerate is focused on strengthening its operations after being slammed by a bombshell report from Hindenburg Research in the end of January. Adani Group has denied Hindenburg's allegations of corporate fraud.

New Delhi

# सेना ने कहा- मणिपुर में अब काबू में हालात, ट्रेनों की आवाजाही पर रोक

**इमफल, एजेंसी** मणिपुर में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति श्रेणी में शामिल करने के खिलाफ हो रहा विरोध प्रदर्शन उग्र हो गया। कई संगठनों ने बुधवार को 'आदिवासी एकता मार्च' का आह्वान किया, जिसमें हिंसा भड़क गई थी। जहां शुक्रवार सुबह ट्रेनों की आवाजाही पर रोक लगने की जानकारी सामने आई। वहीं भारतीय सेना ने बताया कि अब मणिपुर में हालात नियंत्रण में हैं। सभी कर्मचारियों द्वारा मिलकर कार्वाई करने से हालात को काबू में लाया जा सकता है।



भारतीय सेना के अनुसार, वायु सेना ने C17 ग्लोबमास्टर और AN 32 वायुयानों से लगातार दो दिन असम में उड़ानें भरीं। प्रभावित क्षेत्रों से सभी नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रात भर उड़ानें भरी गईं। वहीं, चुराचांदपुर और अन्य संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च जारी है।

बता दें, मणिपुर सरकार ने गुरुवार को आदिवासियों और मेइती समुदाय के बीच बढ़ती हिंसा को रोकने के लिए अत्यधिक गंभीर मामलों में उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश जारी किया था। वहीं, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने मणिपुर सरकार की सलाह पर ट्रेनों की आवाजाही पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। एनएफ रेलवे के सीपीआरओ सब्यसाची डे के अनुसार, हालात जबतक सही नहीं हो जाते हैं, तब तक कोई ट्रेन मणिपुर में प्रवेश नहीं करेगी।

New Delhi

# अनिल दुजाना एनकाउंटर में ढेर, अब 63 माफिया यूपी STF के रडार पर



**लखनऊ, एजेंसी 4 मई, वो दिन जब यूपी STF अपना फाउंडेशन डे मना रही थी, उत्तर प्रदेश से एक और माफिया का खात्मा हो गया. मेरठ में यूपी एसटीएफ से हुई मुठभेड़ में कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना मारा गया. इस तरह यूपी में अब माफियाओं की सूची में अब 63 माफिया पुलिस के रडार पर है.**

4 मई 1998 को उत्तर प्रदेश से श्री प्रकाश शुक्ला जैसे तमाम गैंगस्टर्स का सफाया करने के लिए गठित की गई स्पेशल टास्क फोर्स ने गुरुवार को अपनी स्थापना के 25 साल पूरे कर लिए हैं. गुरुवार को मेरठ में एसटीएफ ने एक एनकाउंटर में गैंगस्टर अनिल दुजाना को मार गिराया. अनिल दुजाना की मौत के साथ ही चिन्हित माफियाओं की सूची में एक और नाम कम हो गया और यह लिस्ट घटकर 63 हो गई है. योगी आदित्यनाथ की दूसरी सरकार में 66 माफियाओं को चिन्हित किया गया था. इनमें से बीते 15 अप्रैल को अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई तो वहीं दूसरी तरफ अनिल दुजाना को यूपी एसटीएफ ने मार गिराया.

अब इन चिन्हित माफियाओं की सूची में मुख्तार अंसारी, सुनील राठी, सुंदर भाटी, बबलू श्रीवास्तव, खान मुबारक समेत 38 माफिया जेल में है. 20 जमानत पर बाहर हैं, जबकि 5 की तलाश की जा रही है. 5 माफिया फरार हैं, उसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश पुलिस का ढाई लाख का इनामी बदन सिंह बद्दो, राशिद नसीम शामिल है. जो 20 माफिया जमानत पर बाहर हैं, उनकी गतिविधियों पर यूपी एसटीएफ लगातार नजर रखे है. इनमें माफिया डॉन बृजेश सिंह,सुशील मूंछ के नाम शामिल हैं. साल 2017 में बीजेपी की सरकार बनने के बाद यूपी में माफियाओं की उल्टी गिनती चालू है.

Paschim bangal

## अवैध संबंध के चलते पत्नी की हत्या के इरादे से घर पहुंचा पति, लेकिन उलटा पड़ गया दांव

**जहानाबाद, एजेंसी** बिहार के जहानाबाद से चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पत्नी के अवैध संबंध के चलते एक शख्स ने उसकी हत्या की साजिश रची। वह हथियार लेकर घर पहुंचा। पत्नी को इसकी भनक लगी तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घर में दबिश देकर एक देसी कार्बाइन और जिंदा कारतूस के साथ पति को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, शख्स का आरोप है कि उसकी पत्नी ने कहीं से हथियार लाकर उसे फंसाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जहानाबाद शहर के शिक्षक कॉलोनी स्थित एक घर में गुरुवार को छापेमारी कर पुलिस ने एक देसी कार्बाइन (थ्रनेट) और जीवित कारतूस के साथ राकेश कुमार नाम के युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी उसकी पत्नी की सूचना पर हुई। पत्नी का आरोप है कि उसकी हत्या करने के लिए उसका पति हथियार लाया था, जबकि गिरफ्तार पति साजिश के तहत पत्नी पर उसे फंसाने का आरोप लगा रहा है।

Uttarpradesh

## दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल में महिलाकर्मी से हैवानियत, दांत तोड़कर किया रेप

**नई दिल्ली, एजेंसी** राजधानी दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल में 40 वर्षीय महिला कर्मचारी के साथ हैवानियत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता के परिचित युवक ने उस पर जानलेवा हमला कर दुष्कर्म किया। आरोप है कि युवक ने महिला के सिर पर किसी भारी वस्तु से वारकर उसके दांत तोड़ दिए और उसके बाद दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद फरार हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में उसके खिलाफ पुलिस ने दुष्कर्म और हमला करने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, अस्पताल में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जिले के डीसीपी संजय कुमार सेन ने महिला के साथ हैवानियत की बात से इनकार किया है। उनका कहना है कि महिला से पूछताछ करने और मेडिकल जांच में सामने आया है कि उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार करके उसके दांत तोड़े गए हैं। ऐसा लगता है कि आरोपी ने महिला के साथ मारपीट की है तो उस दौरान उसने लात मारी है। बहरहाल, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

खेल

# कोलकाता नौ रन से जीता, सनराइजर्स को मिली छठी हार, अंतिम 30 गेंद में जीत के लिए नहीं बना पाए 38 रन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मयंक अग्रवाल ने 11 गेंद में 18 रन बनाकर हैदराबाद को तेज शुरुआत दी, लेकिन तीसरे ही ओवर में वह हर्षित राणा का शिकार बन गए। अभिषेक शर्मा (9) भी जल्द आउट हो गए। राहुल त्रिपाठी ने छठे ओवर में रसेल पर दो चौके और छक्का लगाया, लेकिन इसी ओवर में वह नौ गेंद में 20 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ओवर में हैरी ब्रूक (0) के आउट होने पर हैदराबाद का स्कोर चार विकेट पर 54 रन हो गया।

### मार्करम और क्लासेन ने की 70 रन की साझेदारी

चार विकेट गिरने के बाद एडेन मार्करम और क्लासेन ने पारी को संभाला। दोनों ने 47 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। क्लासेन मुखर होकर खेल रहे थे।




उन्होंने 20 गेंद में 36 रन एक चौके और तीन छक्कों की मदद से बनाए। उन्होंने शार्दुल ठाकुर ने आउट किया।

### मार्करम के अजीबो-गरीब स्ट्रोक से पल्टी बाजी

अंतिम 5 ओवर में हैदराबाद को 38 रन चाहिए थे। कप्तान मार्करम क्रीज पर थे और अब्दुल समद उनका साथ दे रहे थे। लग रहा था दोनों आसानी से टीम को जीत की ओर ले जाएंगे, लेकिन यहां मार्करम वैभव अरोड़ा की गेंद पर अजीबो-गरीब स्ट्रोक लगाकर लॉंग ऑफ पर कैच हो गए। उन्होंने 40 गेंद में 41 रन बनाए। उनके आउट होने पर हैदराबाद को 19 गेंद में 27 रन बनाने थे।

### यानसेन ने अपने पहले ओवर में लिए दो विकेट

इससे पहले केकेआर के कप्तान नीतीश राणा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज का फैसला लिया। मार्को यानसेन ने रहमानुल्लाह गुरबाज को गोल्डन डक (पहली गेंद पर शून्य) का शिकार बनाया। इसी ओवर में उन्होंने वेंकटेश अय्यर (7) को विकेट के पीछे क्लासेन के हाथों कैच कराया। लंबे समय बाद खेलने आए कार्तिक त्यागी ने ओपनर जेसन रॉय (20) को भी पवेलियन भेज दिया। पावरप्ले में केकेआर का स्कोर तीन विकेट पर 49 रन था।

### कोलकाता के अंतिम 5 ओवर में बने 42 रन

नीतीश राणा और रिंकू सिंह ने तीन विकेट गिरने के बाद केकेआर को संभाला। दोनों ने 40 गेंद में 61 रन की साझेदारी की। राणा ने कार्तिक त्यागी की ओर से फेंके गए 10वें ओवर में चौका और दो छक्के लगाए। 11वें ओवर में मार्करम ने राणा का अपनी गेंद पर पीछे भागते हुए कैच लिया। राणा ने 31 गेंद में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाए।

सिनेमा

# जालीदार टॉप नहीं ट्राउजर की वजह से ट्रोल हुईं उर्फी जावेद, लोग बोले- 'इसको कोई नाड़ा दो'

इंटरनेट सेंसेशन उर्फी जावेद लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हर रोज वह अपने फैशन सेंस से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। इस बार भी अदाकारा ने अपने बोल्ड फैशन च्वॉइस से लोगों को हैरान कर दिया है। दरअसल, फैशन आइकॉन उर्फी जावेद इस बार ट्रांसपेरेंट बिकिनीनुमा टॉप पहनकर मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची। हालांकि, वह अपने ट्रांसपेरेंट टॉप की वजह से नहीं बल्कि अपने ट्राउजर की वजह से ट्रोल हो रही हैं। उर्फी जावेद इस बार ब्लैक लुक में दिखाई दीं। सामने आए वीडियो में उर्फी ट्रांसपेरेंट टॉप पहने



नजर आईं। इस टॉप के साथ उर्फी जावेद ने अपनी बॉडी को ढकने के लिए दो मोर का इस्तेमाल किया। उर्फी ने अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए टॉप के साथ ट्राउजर पहना। बता दें, उर्फी इसी ट्राउजर की वजह से नेटिजन्स के निशाने पर आ गईं।

# युवती से दुष्कर्म, अप्राकृति कृत्य भी किया

## सोशल मीडिया के दोस्त ने दिया धोखा, करता रहा शोषण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस को एक युवती ने अपने साथ बलात्कार और अप्राकृतिक कृत्य की शिकायत की है। युवती का आरोप है कि उसकी सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई थी।**

द्वारकापुरी पुलिस ने मनीष निवासी महेश्वर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी से उसकी इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे । मनीष ने पीडिता से बोला कि मैं इंदौर आ गया हूं। हम शादी कर इंदौर में ही रहेंगे। इसके बाद आरोपी ने उसकी मांग भरकर शादी का नाटक किया। इतना ही नहीं कोर्ट ले जाकर 50 रुपए के स्टाम्प पर लिखा-पढ़ी भी कर ली। उसका कहना था कि जल्द ही रीति-रिवाज से शादी कर लेगा। इस पर उसने आरोपी पर भरोसा कर लिया। वह उसके साथ में पत्नी की तरह रहने लगी। आरोपी जब से शादी का झांसा देकर उसके साथ में बलात्कार करता रहा। इतना ही नहीं उसके साथ में अप्राकृतिक कृत्य भी किया। उसके विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता। 14 अप्रैल को मनीष अपना सामान लेकर महेश्वर चला गया। उसने पीडिता का फोन उठाना भी बंद कर दिया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया। इस पर उसने थाने पर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है.

### गर्भवती हुई तो छोड़कर भागा आरोपी

उधर, एमआइजी पुलिस ने पीयूष पिता राकेश खांडेकर निवासी नेहरू नगर के खिलाफ बलात्कार का केस दर्ज किया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि वह पढ़ाई करने बुरहानपुर से इंदौर आई थी। नेहरू नगर में होस्टल मे रहती थी । आरोपी ने उससे दोस्ती की। उसको उसके घर जाने से रोककर जबरन उसके साथ मंदिर मे शादी करने का ढोंग किया। इसके बाद आरोपी उसके साथ में बलात्कार करता रहा। इसके बाद वह जब भी अपने घर जाने का बोलती तो उसे जान से मारने की धमकी देता। माता-पिता से बात भी नहीं करने देता। पीडिता दो माह की गर्भवती हो गई जिसे आरोपी उसे बुरहानपुर छोड़कर आ गया । वह वापस इंदौर आई और केस दर्ज कराया है। एक अन्य मामला सांवेर का है। यहां पर रहने वाली युवती ने करण पिता मधुकर महाजन निवासी नमर्दापुरम के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ उसके साथ में बलात्कार किया। शादी का बोलने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी ।

## ससुराल में मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कोर्ट में तलाक केस में हुए राजीनामे के बाद महिला जब पैसे लेने ससुराल गई तो वंहा पति, सास ससुर ने पैसे देने से मना कर दिया और मारपीट कर दी। घटना फरियादी ईशा पति राहुल आहुजा निवासी बसंत विहार कालोनी के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर पति राहुल अहुजा,कनुका अहुजा और डाक्टर अजीत आहुजा के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक पीडिता ने अपने पति के खिलाफ तलाक का केस न्यायालय में लगाया था। इस मामले में आपस में राजीनामा हुआ था। घटना दिनांक को वह राजीनामा के पैसे लेने पति के घर गई थी। उसी दौरान आरोपी पति और सास ससुर ने गाली गलौज कर मारपीट की।

## क्रेन चालक को भेजा जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा पुलिस ने चार लोगों की जान लेने वाले क्रेन चालक को गिर तार कर लिया था और कागजी कार्रवाई करने के बाद गुरूवार को पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। बाणगंगा थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी ने बताया कि बाणगंगा ओवर ब्रिज के पास अंधगति से क्रेन दौड़ा रहे चालक की लापरवाही से चार निर्दोष लोग हमेशा के लिए मौत के गाल में समा गए। इस मामले में पुलिस ने मौके से क्रेन चालक अनीस पिता करि उल्हसन को गिर तार कर लिया था। उसे न्यायालय में पेश किया गया जंहा से उसे जेल भेजने के आदेश हुए। कुछ कागजी खानपूर्ति नहीं हो पाने के चलते बाणगंगा पुलिस आरोपी क्रेन चालक को बुधवार को जेल नहीं पहुंचा पाई थी लेकिन गुरूवार को कागजी खानपूर्ति करने के बाद आरोपी क्रेन चालक अनीस को जेल भेज दिया गया।

## बहू के घर की तोड़फ़ोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पारिवारिक विवाद के चलते सास ने देवर के साथ मिलकर विधवा बहू को जमकर पीटा और घर में तोडफ़ोड़ कर दी। मारपीट की घटना कालिंदी गोल्ड में रहने वाली नेहा पति मोहित चंदेरिया( 27 ) के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर सास सुनीता और देवर रोहित चंदेरिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नेहा ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को उसकी सास और देवर अन्य महिलाओं के साथ उसके घर पर आई। वे गालियां देने लगे मुझे जमकर पीटा और घर का सारा सामान फेंक दिया। मेरा भाई गौरव बचाने आया तो देवर ने डंडे से मारा, इसी बीच में बेटे को गुप्तांग में चोट लग गई। आरोपियों ने बडे भाई अमित को भी पीटा। जाते जाते आरोपी मेरे पति की बाइक भी लेकर चले गए।

## ट्रकों पर चोइथराम सब्जी मंडी की दीवार गिरी

इंदौर। शुक्रवार सुबह चोइथराम सब्जी मंडी की बाउंड्रीवॉल गिर गई। करीब सौ फीट लंबी यह दीवार कई वाहनों पर गिरी। लेकिन इसकी चपेट में आने से तीन-चार वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। लोगों की भीड़ जमा होने से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जगह को खाली कराया। हादसे में किसी के भी घायल होने की सूचना नहीं है।

# इंदौर के युवक ने उदयपुर में पत्नी पर फेंका तेजाब

### ● दंपति में चल रहा है तलाक का केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में रहने वाले एक युवक ने राजस्थान के उदयपुर में एसिड अटैक कर दिया। वह गिलास में तेजाब लेकर पहुंचा और पत्नी पर फेंक दिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। तेजाब से महिला का चेहरा, गर्दन और हाथ बुरी तरह झुलस गए। घायल अवस्था में उसे तुरंत एमबी हॉस्पिटल पहुंचाया।**

घटना उदयपुर के धानमंडी थाना क्षेत्र में मालदास स्ट्रीट स्थित सुराणों की सेहरी में दोपहर करीब 2:30 बजे की है। जब आरोपी 40 वर्षीय मोहित रोहिड़ा ने स्कूटी से दवाई लेने पहुंची एक महिला के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी मोहित रोहिड़ा फिलहाल इंदौर में रह रहा है। वह यहां आता-जाता रहता है। सेक्टर-14 स्थित निवासी पीडिता अपनी भाभी के साथ मालदास स्ट्रीट स्थित सुराणों की सेहरी में दवा लेने पहुंची थी। उसी वक्त पास की गली में उसका पति छिपा हुआ था। महिला ने दवा लेने के लिए अपनी स्कूटी खड़ी की, तभी आरोपी मोहित ग्लास में तेजाब भरकर तेजी से उसकी तरफ दौड़ता हुआ पहुंचा।

महिला खुद को संभाल पाती, उससे पहले ही उसने उसके चेहरे पर तेजाब डाल दिया। तेजाब से उसके चेहरे और कपड़े झुलस गए। इस घटना का पता लगने पर आसपास लोग भी हैरान रह गए। उनकी मदद से पीडित महिला को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

धानमंडी थाना पुलिस के एएसआइ बिहारी लाल ने बताया कि 16 साल पहले इनकी शादी हुई थी। इनके एक 16 साल का लडक़ा और एक 12 साल की लडक़ी हैं। कुछ समय से इनके बीच अनबन के चलते तलाक तक मामला जा पहुंचा है। घटना के बाद पीडित पक्ष की ओर से रिपोर्ट दी गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# उधारी के रुपए मांगे तो महिला का गला दबाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक महिला ने जब उधारी के दिए रूपए वापस मांगे तो आरोपी ने उसे धमकाया और गला दबा दिया। उसे बचाने आई मां को भी धक्का देकर गिरा दिया। थाना राऊ पुलिस के मुताबिक घटना रंगवासा में रहने वाली मोना सोलंकी के साथ हुई। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी लखन पिता रामप्रसाद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मोना ने पुलिस को बताया कि उसकी किराणा दुकान है। उसके मोहल्ले में रहने वाले लखन और उसके परिवार के लोग दुकान से उधार सामान ले जाया करते हैं। जब मैंने उधारी के रूपए लखन से मांगे तो उसने मना किया बोला कि तुझसे जो बने कर ले। उसने गालियां दी। जब उसे गाली देने से मना किया तो उसने मेरा गला दबा दिया और धमकाया। शोर सुनकर मां बीच बचाव के लिए आई तो उसे भी धक्का देकर गिरा दिया।

### पैसों को लेकर मारपीट

मजदूरी के पैसों को लेकर दो मजदूरों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। थाना खजराना पुलिस ने बताया कि फरियादी भीम पिता गोकुल गोलकर (42) निवासी मालवीय नगर कि रिपोर्ट आरोपी श्याम निवासी खजराना पर केस दर्ज किया गया। घटना खजराना के मजदूर चौक पर हुई। फरियादी ने बताया कि उसके साथ मजदूरी करने वाला श्याम खजराना चौराहे पर आया और पैसे की बात को लेकर गाली गलौज कर मारपीट की जान से मारने की धमकी दी।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।